पंचम चरण, कार्यक्रम-०२

एकदिवसीय ऑनलाइन कार्यशाला

गूगल प्रपत्र निर्माण एवं प्रयोग

दिनांक 29 मई, 2021

संक्षिप्त प्रतिवेदन

भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय की बहुआयामी परियोजना **पण्डित मदन मोहन मालवीय राष्ट्रीय शिक्षक एवं शिक्षण मिशन** के अन्तर्गत **श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय (केन्द्रीय विश्वविद्यालय), नई दिल्ली** में स्थापित **शिक्षण अधिगम केन्द्र** द्वारा पंचम चरण के कार्यक्रमों में **'गूगल प्रपत्र निर्माण एवं प्रयोग'** विषय पर द्वितीय एकदिवसीय ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन दिनांक 29 मई, 2021 को किया गया। इस कार्यशाला के उद्देश्य गूगल प्रपत्र एवं निर्माण से सम्बन्धित कौशल एवं कुशलताओं का विकास करना। ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन गूगल मीट के मंच पर किया गया। उद्घाटन सत्र का शुभारंभ शिक्षण अधिगम केन्द्र की निदेशक **प्रो. अमिता पाण्डेय भारद्वाज** के स्वागत भाषण एवं कार्यशाला सन्दर्भ द्वारा किया गया, तदोपरान्त अध्यक्षीय भाषण श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के माननीय कुलपति **प्रो. रमेश कुमार पाण्डेय** द्वारा किया गया तथा धन्यवाद ज्ञापन से सत्र सम्पन्न हुआ। उद्घाटन एवं समापन सत्र के अतिरिक्त कार्यशाला का संचालन 02 प्रदर्शन आधारित तकनीकी सत्र एवं प्रश्नोत्तर सत्र और 01 प्रत्येक स्वाभ्यास, ऑनलाइन आकलन, प्रतिपुष्टि, अनुभव साझा एवं समापन सत्र द्वारा किया गया। अन्तिम तिथि तक 125 प्रतिभागियों का पंजीकरण प्राप्त हुआ और सभी ने कार्यशाला पूर्ण की। श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के 12 विभागों से 125 प्रतिभागियों ने प्रतिभागी किया जिसमें शिक्षा से 65, वेद से 06, व्याकरण से 13, धर्मशास्त्र से 02, ज्योतिष से 12, वास्तुशास्त्र से 05, साहित्य से 12, सांख्य योग से 02, योग से 02, अद्वैत से 01, विशिष्टाद्वैत से 01 और जैन दर्शन से 04 प्रतिभागी रहे। कार्यशाला विषय में निष्णात् देश के प्रतिष्ठित संस्थानों के **02 विशेषज्ञों** के कुशल मार्गदर्शन में सभी तकनीकी सत्रों का संचालन किया गया। इन सत्रों में कार्यशाला के मुख्य विषय रहे यथा - गूगल प्रपत्र का परिचय एवं गूगल प्रपत्र में प्रश्न निर्माण। प्रतिभागियों को 01 दत्तकार्य यथा- किन्हीं 5 प्रश्नों के साथ गूगल प्रपत्र का निर्माण दिया गया। ऑनलाइन परीक्षण भी प्रशासित किया गया जिसमें **86% प्रतिभागियों ने 60% से अधिक अंक** प्राप्त किये। अंत में विशेषज्ञों के प्रस्तुत व्याख्यानों की गुणवत्ता के बारे में ऑनलाइन प्रतिपुष्टि चार श्रेणियों यथा - **उत्कृष्ट, अति उत्तम, उत्तम एवं संतोषजनक** में प्राप्त की गई और उनका औसत 74%, 22%, 04% एवं 00% क्रमशः श्रेणियों में प्राप्त किया गया। इसके साथ ही कार्यशाला के संदर्भ में ऑनलाइन प्रतिपुष्टि 10 बिंदुओं पर पाँच श्रेणियों में ली गई यथा- **उत्कृष्ट, अति उत्तम, उत्तम, संतोषजनक एवं असंतोषजनक** और इन 10 बिंदुओं की श्रेणियों में प्राप्त औसत प्रतिशत में 53% उत्कृष्ट, 34% अति उत्तम, 09% उत्तम, 04% संतोषजनक एवं 00% असंतोषजनक प्राप्त हुई। समापन सत्र में केन्द्र की निदेशक द्वारा गणमान्य अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यशाला प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात् अध्यक्षीय भाषण **प्रो. रमेश कुमार पाण्डेय** (कुलपति, श्रीला.ब.शा.रा.सं.वि.वि., नई दिल्ली) द्वारा दिया गया। धन्यवाद ज्ञापन एवं शान्तिपाठ के साथ कायशाला सम्पन्न हुई। कार्यशाला समापनोपरान्त सफल प्रतिभागियों को ई-प्रमाणपत्र एवं ई-चित्रावली मेल द्वारा प्रेषित किये गए।